<u>**Seventeenth Loksabha**</u>

>

Title: Regarding the business loss faced by the entertainment Industry due to Coronavirus.

डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (शिरूर): महोदय, मैं एक अहम मुद्दे पर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । तमाशा तथा लोकनाट्य महाराष्ट्र की एक लोक कला है । It is a rural folk art form. तमाशा कलावंत यात्राओं, मेलों में जाकर समाज का प्रबोधन तथा मनोरंजन करते हैं । इनका 90 फीसदी कारोबार गुड़ी पड़वा से बुद्ध पूर्णिमा के बीच में होता है । अभी कोरोना के सेंसर के चलते इन यात्राओं पर पाबंदी लगी है । इसलिए इन कलाकारों के सामने रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है । मेरी मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर से दरखास्त है कि इनके लिए एक स्पेशल पैकेज का प्रावधान किया जाए । इसी के साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री, जिसका सेंटर हब मुम्बई है, जिसमें कई सारे डेली शो, फिल्में या वेब सिरीज की शूटिंग चल रही है, अभी कोरोना के सेंसर की वजह से पूरी तरह से ठप है । कई लोगों ने इंश्योरेंस निकाला है, लेकिन इंश्योरेंस कंपनीज के पास गवर्नमेंट से डायरेक्टिव्स नहीं है कि इस मामले से कैसे निपटा जाए । मेरा गवर्नमेंट से अनुरोध है कि इंश्योरेंस कंपनीज को कोरोना वायरस के तहत होने वाले नुकसान से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को बचाया जाए । धन्यवाद ।